# वैक्सीनेशन अभियान में 12 से 14 वर्ष के 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट करेंगे

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में की गई विभागों की समीक्षा



**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
जिले में 23 मार्च से 12 से 14 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। कोरोना वायरस के विरुद्ध किए जाने वाले वैक्सीनेशन अभियान में जिले के लगभग 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अभियान की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समय सीमा में कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा।

अभियान के संदर्भ में बताया गया है कि जिले में लगभग 80 हजार स्कूली बच्चे हैं जिनको वैक्सीनेट किया जाना है। विकासखंड किए गए लक्ष्य के अनुसार जावरा में 5 हजार, पिपलौदा में 2 हजार, आलोट में 5 हजार, रतलाम सिटी में 7 हजार, रतलाम ग्रामीण में 5 हजार, सैलाना में ढाई हजार तथा बाजना में भी ढाई हजार बच्चों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य है। इस अभियान में बच्चों को कोविशील्ड या को-वैक्सीन नहीं लगाए जाएगा बल्कि कारबीवैक्स लगाया जाएगा। अभी जिले को 36 हजार कारबीवैक्स उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम 28 मार्च की तैयारियों की समीक्षा की। 6 हजार से ज्यादा हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे।

### रचना हाउसिंग कॉलोनी के प्लाट विक्रय निगम करेगा

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा समय सीमा में विकास कार्य संपादित नहीं किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कॉलोनी के बंधक रखे गए प्लाट को विक्रय करके कॉलोनी में विकास कार्य नगर निगम द्वारा करवाए जाएं। बताया गया कि लगभग 8 करोड़ रुपए के विकास कार्य कॉलोनी में किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्य नहीं किए जाने पर कॉलोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

### राजस्थान से आकर चना नहीं बिके

कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ हो चुके चना उपार्जन कार्य की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पड़ोसी राजस्थान राज्य से आकर जिले में चना नहीं बिके, यह सुनिश्चित किया जाए। आगामी रोजगार दिवस आयोजन तथा उद्यम क्रांति योजना की लॉन्चिंग कार्यक्रम तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में जीएमआईसी द्वारा तैयारियों की जानकारी कलेक्टर को दी गई। स्वदेश 22

### बालिकाओं को कोचिंग देंगे

जिले में होस्टल रहवासी छात्राओं को कैरियर के लिए कोचिंग दिलवाई जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी बुधवार को कॉलेजों, हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य की एक बैठक दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें उनके यहां की छात्रावास रहवासी छात्राओं की कोचिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को कैरियर कोचिंग दिलवाई जाएगी। संभवत: 1 अप्रैल से कोचिंग कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि इस सप्ताह आलोट में 518, बाजना में 305, सैलाना में 731, जावरा में 312 तथा रतलाम में 274 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक में जिले की गौशालाओं को भूसा दिलवाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई।

### शिकायत मिलने पर पटवारी को हटाएं

कलेक्टर ने रतलाम सिटी एसडीएम तथा ग्रामीण एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों से जिन पटवारियों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनको हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया जाए।

स्वदेश 22/3/22

# लाठी लेकर मारने दौड़ने वाले निगमकर्मी पर केस दर्ज

रतलाम. वार्ड में कचरा गाड़ी लेकर जाने वाले निगम के ड्राइवर पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ड्राइवर कमलेश छपरी 16 मार्च को वार्ड में भ्रमण के दौरान शराब के नशे में एक महिला द्वारा वाहन की कचरा पेटी का ढक्कन खोलने का कहने पर उसके पीछे लाठी लेकर दौड़ा था। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बताया राकेश कुमार पिता रामचन्द्र भूरिया 47 निवासी सिद्धांचलम एक्सटेन्शन कालोनी ने आवेदन दिया था। उसने आवेदन में बताया कि नगर निगम कचरा वाहन क्रमांक एमवी 43 जी 4347 के ड्रायवर कमलेश छपरी ने शराब के नशे में उसके और पत्नी पर लाठी लेकर शराब के नशे में प्राणघातक हमला किया था। 16 मार्च की दोपहर 01.05 बजे निगम के कचरा वाहन का ड्रायवर छपरी शराब के नशे में था। कचरा डालने के दौरान चालक को कचरा पेटी का ढक्कन खोलने को कहा था। इस पर वह शराब के नशे में लाठी लेकर उसके घर पर मारने पहुंच गया था। घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से यह सामने आया है।

पत्रिका 22/3/22

## शहर में ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण

रतलाम। शहर में श्वानों की बढ़ती संख्या रोकने के लिए अब तक ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण किया जा चुका है। नगर निगम द्वारा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए बंध्याकरण केंद्र पर पशु चिकित्सा विभाग की मानीटरिंग में जीव संतुलन एनजीओ के सहयोग से श्वान बंध्याकरण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रत्येक सप्ताह समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में इसकी समीक्षा की जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डा. आरके शर्मा ने बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए केंद्र पर अब तक 2019 नर तथा 654 मादा श्वान का बंध्याकरण किया जा चुका है। औसतन प्रति सप्ताह 507 श्वान बंध्याकरण किया जा रहा है।

नईदुनिया 22/3/22

# 12 से 14 वर्ष के स्कूली बच्चों का वैक्सीनेशन 23 मार्च से

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की बैठक में समीक्षा की

**रतलाम। शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में आगामी 23 मार्च से 12 से 14 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। कोरोना वायरस के विरुद्ध किए जाने वाले वैक्सीनेशन अभियान में जिले के लगभग 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। सोमवार को संपन्न समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने अभियान की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समय सीमा में कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा।**




अभियान के संदर्भ में बताया गया है कि जिले में लगभग 80 हजार स्कूली बच्चे हैं जिनको वैक्सीनेट किया जाना है। विकासखंड किए गए लक्ष्य के अनुसार जावरा में 5 हजार, पिपलोदा में 2 हजार, आलोट में 5 हजार, रतलाम सिटी में 7 हजार, रतलाम ग्रामीण में 5 हजार, सैलाना में ढाई हजार तथा बाजना में भी ढाई हजार बच्चों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य है। इस अभियान में बच्चों को कोवीशील्ड या कोवैक्सीन नहीं लगाए जाएगा बल्कि कारबीवैक्स लगाया जाएगा। अभी रतलाम जिले को 36 हजार कारबीवैक्स उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम 28 मार्च की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में की निर्देशित किया कि सभी एसडीएम जनपद पंचायतों द्वारा बताए गए आवासों का क्रश चेक कर लें। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी यह सर्टिफिकेट देंगे कि गृह प्रवेश आवास पूर्ण किए जा चुके हैं वे अधूरे नहीं है। जिले में 28 मार्च को 6 हजार से ज्यादा हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम समारोहपूर्वक होंगे जिनमें मुख्य अतिथि भी रहेंगे। कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ हो चुके चना उपार्जन कार्य की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पड़ोसी राजस्थान राज्य से आकर जिले में चना नहीं बिके, यह सुनिश्चित किया जाए। आगामी रोजगार दिवस आयोजन तथा उद्यम क्रांति योजना की लॉन्चिंग कार्यक्रम तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में जीएमआईसी द्वारा तैयारियों की जानकारी कलेक्टर को दी गई। रचना हाउसिंग कॉलोनी विकास के लिए प्लांट विक्रय नगर निगम करेगा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा समय सीमा में विकास कार्य संपादित नहीं किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कॉलोनी के बंधक रखे गए प्लाट को विक्रय करके कॉलोनी में विकास कार्य नगर निगम द्वारा करवाए जाएं। बताया गया कि लगभग 8 करोड़ रुपए के विकास कार्य कॉलोनी में किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्य नहीं किए जाने पर कालोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। जिले में हॉस्टल रहवासी छात्राओं को केरियर के लिए कोचिंग दिलवाई जाएगी।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि इस सप्ताह आलोट में 518, बाजना में 305, सैलाना में 731, जावरा में 312 तथा रतलाम में 274 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक में जिले की गौशालाओं को भूसा दिलवाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम ने अच्छा कार्य किया है। पिपलोदा तहसीलदार द्वारा भी अच्छा कार्य किया गया है। आलोट एसडीएम ने भी अच्छा काम किया है। डूडा पांचवे स्थान पर आया है। कृषि विभागों तथा वित्त विभाग में कार्य अच्छा नहीं किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में अच्छी रैंकिंग के लिए 1 तारीख के बजाय अभी से ही कार्य शुरू कर दें। कलेक्टर ने रतलाम सिटी एसडीएम तथा ग्रामीण एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों से जिन पटवारियों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनको हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया जाए। इन्दौर 22

इन्दौर समाचार 22/3/22

**नयागांव सड़क का डामरीकरण** • कलेक्टर की फटकार पर ठेकेदारों का दिखावटी काम

# आधी सड़क बनाई, उसमें भी आधी पर सील कोट नहीं, उखड़ गई सारी गिट्टी

## ठेकेदार का तर्क पाइप लाइन के लीकेज और सीवरेज की खुदाई के कारण पूरा नहीं किया काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सड़कों का घटिया डामरीकरण कलेक्टर की डांट भी नहीं रोक सकी। ताजा प्रमाण राजगढ़ नयागांव की सड़क है। 1.10 किमी लंबी इस रोड पर अलकापुरी अंबे माता मंदिर से टैंकर रोड साईं बिल्डिंग तक डामरीकरण होना था। कार्रवाई से बचने ठेकेदार ने 5 मार्च को ताबड़तोड़ डामर बिछाना शुरू किया था।

राजगढ़ नयागांव के राधाकृष्ण चौराहा तक सड़क बनाई। इसमें भी नयागांव की बड़ी गली तक ही सील कोट (बारीक माल) बिछाया। इसके आगे मंदिर वाले चौराहे तक की आधी सड़क पर मोटा माल डालकर छोड़ दिया। घटिया सामग्री ने दस दिन भी दम नहीं भरा। बड़ी गली से मंदिर चौराहे तक की सड़क की गिट्टी उखड़ गई। रहवासी परेशान हैं, वाहन चालक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ठेकेदार का तर्क है कि होली के बाद काम पूरा कर देंगे। पाइप लाइन के लीकेज और सीवरेज की खुदाई के कारण रोकना पड़ा था। लेकिन वे क्वालिटी को लेकर कुछ भी नहीं कह रहे हैं।

### 10 दिन में बनाई 10 सड़कें, जांच हो तो सामने आ सकता है घटिया निर्माण

- **डामरीकरण वाली :** चौमुखीपुल से चौड़ावास, अलकापुरी अंबे माता मंदिर से राधाकृष्ण मंदिर होकर टैंकर रोड साईं बिल्डिंग मटेरियल तक, इंद्रलोक नगर मुख्य मार्ग, जवाहर मुक्तिधाम से देवरा देवनारायण नगर तक।
- **सीमेंट कांक्रीट वाली :** सेठजी का बाजार मुख्य मार्ग, मुखर्जी नगर पानी की टंकी वाली रोड, गांधी नगर से डीडी नगर चांदमारी तक, सूरजमल जैन मेन रोड, आनंद कॉलोनी जमातखाना रोड, प्रताप नगर मुख्य मार्ग।



इस तरह आधी सड़क तक बारीक माल फैलाकर छोड़ दिया है ठेकेदार ने।

### कलेक्टर, विधायक कर चुके निरीक्षण

दरअसल टेंडर और वर्क ऑर्डर होने के बावजूद काम शुरू नहीं होने की जानकारी मिलने पर 2 मार्च को कलेक्टर और निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने ठेकेदारों को चेताया था। इसमें सारे मंजूर काम तीन दिन में प्रारंभ नहीं करने पर ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जब्त करने और ब्लैक लिस्टेड करने को कहा था। काम शुरू होने के बाद 5 मार्च को कलेक्टर और विधायक चेतन्य काश्यप ने निरीक्षण किया था। तब तक ठेकेदारों ने अच्छा काम किया। उसके बाद निगम इंजीनियरों ने मुड़कर नहीं देखा।

### उच्च स्तरीय जांच होः कांग्रेस

*चुनावी लाभ लेने के लिए ताबड़तोड़ घटिया तरीके से सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। उसकी गुणवत्ता बहुत खराब है। उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए। सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।*

**महेंद्र कटारिया,** शहर कांग्रेस अध्यक्ष

*सारी सड़कों का काम हो गया है। नयागांव वाली रोड में पानी की लाइन लीकेज थी। डामरीकरण करने से वह खराब हो जाता। मंदिर वाले चौराहे पर सीवरेज वालों ने गड्ढा खोद दिया। लेबर चली गई है। अब होली बाद काम शुरू करेंगे।*

**जितेंद्र ठाकुर,** ठेकेदार-नयागांव रोड

भास्कर-23

दै. भास्कर 23/3/22

## 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी। दबंग '22

दबंग दुनिया 22/3/22

## 6476 हितग्राहियों का 28 को होगा गृह प्रवेश

**रतलाम** ● प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से आरंभ होगा।

स्वदेश 22/3/22

# आज से 12+ के बच्चों का वैक्सीनेशन: 31 स्कूलों में लगेंगे टीके, आईएमए हॉल में भी लगवा सकते हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में आज से वैक्सीनेशन का अगला पड़ाव शुरू होगा। 12+ की उम्र के बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। वैक्सीनेशन के लिए जिले में 31 सेंटर तय किए गए हैं। इसके अलावा गोशाला रोड स्थित आईएमए हॉल में भी वैक्सीन लगवा सकते हैं। यदि कोई बच्चा किसी भी स्कूल में जाकर टीका लगवाना चाहता है तो लगवा सकता है। स्कूली बच्चों को कॉर्बेवैक्स का टीका लगाया जाएगा।




**खाना या नाश्ता करने के बाद लगवाएं वैक्सीन :** शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। बच्चे खाना या नाश्ता खाकर आएं। यदि कोई बच्चा किसी भी स्कूल में जाकर वैक्सीन लगवाता है, तो भी लगा दी जाएगी।

## आज यहां लगेगी वैक्सीन

- न्यू ऑनर्स एकेडमी, उकाला रोड
- गुरु रामदास पब्लिक स्कूल, इंद्रा नगर
- श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, शास्त्री नगर
- मॉर्निंग स्टार स्कूल, गौरव नगर
- साईंश्री इंटरनेशनल एकेडमी, गंगासागर
- विनोबा उमावि स्कूल, हाट की चौकी
- साईंश्री एकेडमी, 80 फीट रोड
- संत मीरा स्कूल, थावरिया बाजार
- केंद्रीय विद्यालय, सागोद रोड
- राष्ट्रीय विद्यापीठ, घास बाजार
- संत मीरा स्कूल, बरबड़
- नाहर ग्लोबल स्कूल, बिगड़ौद
- श्री जैन विद्या निकेतन, सागोद रोड
- नाहर कान्वेंट स्कूल, जैन कॉलोनी
- श्री गुजराती समाज अंग्रेजी मीडियम, न्यू रोड
- डीईएफ लाइन, डीआरपी लाइन
- बोधी इंटरनेशनल स्कूल, डोंगरा नगर
- नाहर पब्लिक स्कूल, हरमाला रोड
- श्री गुजरती समाज हिंदी मीडियम, न्यू रोड
- स्कालर्स हाईस्कूल, कालिकामाता
- मदर टेरेसा पब्लिक हासे स्कूल, महलवाड़ा
- पेरामाउंट पब्लिक हासे स्कूल, वीआईपी नगर
- सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल
- रेलवे उमावि, रेलवे कॉलोनी
- निर्मला कान्वेंट स्कूल, धानासुता रोड
- शामावि राजगढ़, नयागांव
- शाउमावि राधाकृष्णन, दीनदयाल नगर
- रतलाम पब्लिक हासे स्कूल, मोहन नगर
- न्यू तैयबिया सीनियर सेकंडरी स्कूल, कलीमी कॉलोनी
- नूतन मावि क्रं. 2, डोंगरा नगर
- उत्कृष्ट स्कूल, सागोद रोड

आईएमए हॉल, गोशाला रोड।

**15 से 18 साल के 100% बच्चों को लग चुके हैं टीके**

जिले में 15 से 18 साल के बच्चों को टीके लग चुके हैं। पिपलौदा को छोड़ सभी ब्लॉक में 100% बच्चे वैक्सीनेटेड हो गए हैं। जिले में बुजुर्गों का वैक्सीनेशन भी किया जा रहा है। हालांकि, अभी बुजुर्ग कम संख्या में वैक्सीनेशन सेंटर तक पहुंच रहे हैं। शहर में अब तक 5887 बुजुर्ग ने बूस्टर डोज लगवाए हैं, जोकि 20.28% हैं। जिले में सबसे कम वैक्सीनेशन पिपलौदा में हुआ है, यहां 0.48% लोगों को ही टीके लगे। भास्कर 23

दै. भास्कर 23/3/22

# मप्र में 12 से 14 साल तक के बच्चों को आज से लगेगी वैक्सीन

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश के सभी जिलों में 12 से 14 साल तक के बच्चों को बुधवार से कोरोनारोधी टीका लगाया जाएगा। प्रदेश में इस उम्र वर्ग के 30 लाख बच्चे हैं। पहले दिन आठ लाख से ज्यादा बच्चों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इन्हें कोर्बेवैक्स वैक्सीन की 0.5 एमएल डोज कंधे पर लगाई जाएगी। सभी जिलों में एक साथ टीकाकरण शुरू किया जाएगा।

- राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि जिन बच्चों का जन्म 15 मार्च 2010 या इसके पहले हुआ है वे टीकाकरण के लिए पात्र होंगे। बुधवार को पूरे प्रदेश में आठ हजार से अधिक टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में इसका उद्घाटन करेंगे। स्कूलों के साथ ही कुछ अस्पतालों को भी वैक्सीन लगाने के लिए चिह्नित किया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार, शुक्रवार और छुट्टी का दिन छोड़कर बाकी सभी दिनों में टीका लगाया जाएगा।

### जिंदगी का टीका

- पहले दिन आठ लाख से ज्यादा बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य
- कंधे पर लगाई जाएगी कोर्बेवैक्स वैक्सीन की 0.5 एमएल डोज

नईदुनिया 23/3/22

# फिट इंडिया एप डाउनलोड करें

रतलाम ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत लांच किए गए फिट इंडिया एप डाउनलोड करके इसका लाभ उठाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि फिट इंडिया एक की विशेषताओं में शामिल है। फिटनेस प्रोटोकॉल पर आधारित फिटनेस मूल्यांकन, अनुकूलित आहार योजना, स्टेप काउंटर, कैलोरी मॉनिटर, स्लीप ट्रैकर इसके अलावा फिटनेस परीक्षण कैसे करें, दक्षता परीक्षण करने के तरीके के बारे में एक गाइड भी एप पर उपलब्ध है। सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क एप एंड्राइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

स्वदेश 22/3/22

# बिगड़े हालात...पाताल में पानी, जिले के चार ब्लाक डार्क जोन में

## विश्व जल दिवस ● भूमिगत जलस्तर और नदियों को जलदार बनाने के प्रयास अधूरे, अंधाधुंध नलकूप खनन से खतरनाक स्थिति

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बारिश का पानी संग्रहित कर भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जिले के पिपलौदा विकासखंड को पायलट प्रोजेक्ट में लिए जाने के बाद भी परिणाम उत्साहजनक नहीं हैं। गत आठ सालों में जागरूकता को लेकर भी कई प्रयास किए गए, लेकिन अंधाधुंध नलकूप खनन से हालात बिगड़ते गए। पिपलौदा, आलोट, जावरा के साथ ही अब रतलाम विकासखंड भी भूमिगत जल को लेकर डार्क जोन में शामिल हो गया है। ऐसे में योजनाबद्ध काम करने की जरूरत है। राष्ट्रीय जल मिशन में जल अपव्यय रोकने व बारिश के पानी को सहेजने के लिए हो रहे काम से कुछ आस बंधी है।




रतलाम में रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देते हुए एनसीसी कैडेट्स। ●नईदुनिया

मालूम हो कि डार्क जोन के कारण 800 से 1000 फीट खोदाई के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। भूजल दोहन के चलते गर्मी की शुरुआत में ही नलकूप सूखने लगे हैं। बेहद नीचे गए जलस्तर के कारण जो पानी मिल रहा है उसकी गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। राष्ट्रीय जल मिशन में इन विकासखंडों में जलस्तर बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक आधार पर योजना बनाई गई है।

### जामण नदी को नहीं मिल पाया पुनर्जीवन

10 अप्रैल 2010 को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जलाभिषेक अभियान में जिले के ग्राम नेपाल में जामण नदी के उदगम स्थल से जामण नदी पुनर्जीवन परियोजना का शुभारंभ किया था। तब बड़े पैमाने पर यहां कार्यक्रम आयोजित कर दावा किया गया था कि योजना पर काम होने के बाद नदी साल भर जलदार रहेगी। 17.90 करोड़ की परियोजना से 15103 हेक्टेयर में 19 गांवों के 4603 लोगों को लाभ पहुंचना था। नदी के जलग्रहण क्षेत्र में आने वाले गांव जामथुन, ईसरथूनी, गोपालपुरा, बंजली, ताजपुरिया आदि में स्टाप डैम भी बनाए जाने थे। शहर के एकमात्र पेयजल स्रोत धोलावड़ जलाशय की मुख्य पोषक नदी जामण है। 12 साल बाद भी हालात वही हैं। नदी में बारिश के दौरान ही तीन-चार महीने पानी रहता है।

### पानी के व्यापार से बढ़ी समस्या

जिले में पेयजल के लिए बोतलबंद व आरओ केन से आपूर्ति का व्यापार बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि शुद्ध पेयजल के लिए लोग सार्वजनिक स्थानों पर लगे नल, हैंडपंप से पानी लेने की बजाए सीधे बोतलों का पानी खरीदते हैं। पानी के इस धंधे से भूमिगत जलदोहन भी बढ़ता जा रहा है। गर्मी के दिनों में प्रतिदिन एक लाख से अधिक पानी की बोतलें बिक जाती हैं। जिला मुख्यालय पर करीब 385 स्थानों पर बोरिंग के पानी को आरओ फिल्टर से साफ कर ठंडा करने के बाद 20 लीटर की केन में भरकर बेचा जाता है। एक केन के 25 रुपये लिए जाते हैं। करीब 25 से 30 हजार केन प्रतिदिन बिकती हैं। इसके अलावा शादी समारोह में भी इन्हीं केनों से पानी सप्लाई होता है। गंभीर बात यह है कि बोतलबंद पानी का बड़ा बाजार भूमिगत जलदोहन बढ़ा रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर सैलाना-बाजना विकासखंड के दूरस्थ गांवों तक यही पानी बिक रहा है।

### स्वास्थ्य को भी खतरा

पानी की आपूर्ति के लिए प्लास्टिक बोतल बनाने में एंटीमनी नाम के रसायन का भी इस्तेमाल किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बोतलबंद पानी जितना पुराना होता जाता है, उसमें एंटीमनी की मात्रा उतनी ही बढ़ती जाती है। इस रसायन के व्यक्ति के शरीर में जाने पर जी मिचलाने, उल्टी और डायरिया जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। केन से पानी बेचने वालों ने तो बगैर पंजीयन के ही कामकाज चालू कर रखा है। आरओ वाटर प्लांट पर एक बोतल पानी तैयार करने में करीब दो लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसके अलावा प्लास्टिक पाउच में बेचा जाने वाला पानी तो सर्वाधिक घातक है।

> सामूहिक प्रयासों से ही जल अपव्यय रोककर भूमिगत जलस्तर बढ़ाया जा सकता है। शासकीय योजनाओं में भी काम हो रहा है। अभी जो काम होंगे, उनका असर कुछ सालों बाद देखने को मिलेगा।
>
> **-आनंद व्यास, जिला जल सलाहकार रतलाम**

### जल संरक्षण को लेकर निकाली जागरूकता रैली

रतलाम। 21 मप्र बटालियन एनसीसी द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पानी के दैनिक उपयोग के प्रति जागरूकता व भविष्य में आने वाले जलसंकट को लेकर एनसीसी कैडेट्स द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला आदि के माध्यम से पानी को संग्रहित, संरक्षित करने का संदेश दिया गया। रैली में कैडेट्स ने हाथों में तख्तियां लेकर व जल है तो कल है, पानी बचाओ-जीवन बचाओ, पानी बिना जीवन की कल्पना अधूरी, पानी की कमी से हालत है बुरी व जल तो है सोना, इसे कभी नहीं है खोना आदि नारे लगाते हुए रैली का आयोजन किया गया। रतलाम, मंदसौर में रैली का आयोजन व सैलाना में गर्ल्स कैडेट्स द्वारा चित्रकला के माध्यम से जल संग्रहण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कर्नल एचपीएस अहलावत ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व को जानना चाहिए। दैनिक जीवन में पानी का अपव्यय नहीं करना चाहिए। यदि किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई नल आदि चालू दिखने पर उसे तुरंत बंद कर जागरूक होने का परिचय देना चाहिए। रैली के दौरान लेफ्टीनेंट कर्नल एनजेएस सिद्धू, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टीनेंट राजेंद्रसिंह जामोद, फर्स्ट आफिसर विजयसिंह पुरावत, थर्ड आफिसर माया मेहता आदि उपस्थित रहे।

UN WATER
22 मार्च
विश्व जल दिवस
2022 भूजल

**मार्च में जलस्तर**

| वर्ष | जलस्तर |
|---|---|
| 2022 | 35 मीटर |
| 2021 | 45 मीटर |
| 2020 | 42 मीटर |
| 2019 | 40 मीटर |
| 2018 | 39 मीटर |
| 2017 | 40 मीटर |

नईदुनिया 22/3/22

## नगर निगम को कंपाउंडिंग में मिले 3.36 करोड़ रुपये

**रतलाम।** भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कंपाउंडिंग के लिए सीमा 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की गई है। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी तक प्रकरणों में शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट का प्रविधान किया गया था। अब यह अवधि बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। भवन अनुज्ञा के लिये संचालित आनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (आटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम) में प्रकरणों के आनलाइन प्रशमन एवं आनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। प्रशमन प्रकरणों का निराकरण एबीपीएएस के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्रसिंह ने बताया कि अभी तक नगरीय निकायों को मिला 144 करोड़ 47 लाख से अधिक शुल्क मिल चुका है। रतलाम नगर निगम को 3 करोड़ 36 लाख 41 हजार 593 रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हुआ है।

नईदुनिया 22/3/22

## नगर निगम को कंपाउंडिंग में मिले 3.36 करोड़ रुपये

**रतलाम।** भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कंपाउंडिंग के लिए सीमा 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की गई है। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी तक प्रकरणों में शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट का प्रविधान किया गया था। अब यह अवधि बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। भवन अनुज्ञा के लिए संचालित आनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (आटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम) में प्रकरणों के आनलाइन प्रशमन एवं आनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। प्रशमन प्रकरणों का निराकरण एबीपीएएस के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए है। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्रसिंह ने बताया कि अभी तक नगरीय निकायों को मिला 144 करोड़ 47 लाख से अधिक शुल्क मिल चुका है। रतलाम नगर निगम को 3 करोड़ 36 लाख 41 हजार 593 रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हुआ है।

नईदुनिया/ 23/3/22

जिले में बच्चों के लिए 36 हजार कारबीवैक्स वैक्सीन के डोज़ पहुंचे

# 12 से 14 वर्ष के 80 हजार स्कूली बच्चों का वैक्सीनेशन कल से

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में 23 मार्च बुधवार से 12 से 14 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों के वैक्सीनेशन का श्री गणेश होने जा रहा है। कोरोना से बच्चों को बचाने के लिए जिले के लगभग 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। बच्चों के वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तैयारियों के संबंध में जानकारी जुटाई और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय सीमा में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

कम उम्र के बच्चों के वेक्सिनेशन अभियान में बच्चों को कोविशील्ड या कोवैक्सीन नहीं लगाए जाएगा बल्कि कारबी वैक्स लगाया जाएगा। अभी जिले को 36 हजार कारबीवैक्स उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभियान के तहत जावरा में 5 हजार, पिपलोदा में 2 हजार, आलोट में 5 हजार, रतलाम शहर 7 हजार, रतलाम ग्रामीण 5000, सैलाना में 2500, बाजना में 2500 वैक्सीन लगाए जाने है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास के 28 मार्च को होने वाले ग्रह प्रवेश तैयारियों की समीक्षा की। सभी एसडीएम जनपद पंचायतों द्वारा बताए गए आवासों को चेक कर लें, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी यहां सर्टिफिकेट देंगे की ग्रह प्रवेश आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, वह अधूरे नहीं है। 6000 से ज्यादा हितग्राही ग्रह प्रवेश करेंगे।

## चना उपार्जन की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ हो चुके चना उपार्जन कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिए कि पड़ोसी राजस्थान राज्य से आकर जिले में चना नहीं बिके यह सुनिश्चित किया जाए। आगामी रोजगार दिवस आयोजन तथा उद्यम क्रांति योजना की लॉन्चिंग तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में जीएम डी आई सी द्वारा तैयारियों की जानकारी दी गई।

## रचना हाउसिंग में निगम बेचेगा प्लाट

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा समय सीमा में विकास कार्य नहीं किए है। इस पर कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कॉलोनी के बंधक रखे गए प्लाट को विक्रय करके कॉलोनी में विकास कार्य नगर निगम द्वारा करवाए जाएं। लगभग 8 करोड रुपए के विकास कार्य कॉलोनी में किया जाना है।

## कॉलोनाइजर पर करे कार्रवाई

कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्य नहीं किए जाने पर कालोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। जिले में छात्रावासों की रहवासी छात्राओं को केरियर के लिए कोचिंग दिलवाई जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी बुधवार को कालेजों, हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य की एक बैठक दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें उनके यहां की छात्रावास रहवासी छात्राओं की कोचिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को कैरियर कोचिंग दिलवाई जाएगी संभवत 1 अप्रैल से कोचिंग कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

पत्रिका 22/3/22

# बिना परमिशन बनी कॉटेज कॉलोनी की अवैध सड़क पर मेहरबानी, पूर्ण विकसित रचना हाउसिंग कॉलोनी पर कार्रवाई की तैयारी

**पांच माह पहले जयंतसेन धाम मंदिर के पास वाली सड़क को लेकर पार्श्वनाथ डेवलपर्स के भागीदारों को दिया था नोटिस**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना परमिशन सीसी रोड बनाकर अवैध कॉटेज कॉलोनी काटने वाले रसूखदार भूमाफियाओं के दबाव में कार्रवाई करने से पीछे हटने वाला प्रशासन एक बार फिर दूसरे कॉलोनाइजरों को निशाना बनाने की फिराक में है।

ताजा मामला रचना हाउसिंग कॉलोनी का है। इसमें सड़क, बिजली सहित लगभग सारे विकास काम हो चुके हैं। बावजूद इसके सोमवार को टीएल मीटिंग में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास नहीं कराने की फाइल कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के सामने रख दी। कलेक्टर ने भी तत्काल बंधक प्लॉट बेचकर विकास कार्य कराने का फरमान जारी कर दिया है। खास बात यह है कि लगभग छह से सात साल पुरानी कॉलोनी का अब तक एक भी प्लॉट नहीं बिका है। ऐसे में बंधक प्लॉट बेचकर नगर निगम विकास कार्य करवा भी देगा तो उससे किसी को भी सुविधा नहीं होने वाली। आयुक्त झारिया के अनुसार कॉलोनी में लगभग 8 करोड़ के विकास कार्य किए जाने हैं। उधर कॉलोनाइजर अनिल झालानी के मुताबिक, कानूनन मूलभूत डेवलपमेंट के सभी काम हो चुके हैं। निगम को जवाब देने के साथ छोटे-मोटे काम के लिए जो समय मांगा था, उसमें सारे काम पूरे कर देंगे। कोर्ट में भी मामला चल रहा है।

## नगर निगम नहीं दे रहा अंडरब्रिज की मंजूरी

रचना हाउसिंग कॉलोनी के कॉलोनाइजरों ने प्राइवेट बस स्टैंड से रेलवे लाइन के नीचे से होकर सीधे कॉलोनी तक नया रास्ता बनाने अंडरब्रिज की परमिशन मांगी थी, जिसे निगम छह साल बाद भी नहीं दे पाया है। अक्टूबर 2020 से लेकर अब तक नगर निगम चार से पांच बार रचना हाउसिंग कॉलोनी बनाने वालों को नोटिस जारी कर चुका है। हर बार जवाब भी दिया गया, बावजूद निगम कॉलोनाइजरों पर जबरिया कार्रवाई करने पर तुला है।

## इन मामलों में मुंहकी खा चुके हैं अफसर

- **कॉटेज कॉलोनी-** सागोद रोड स्थित जयंतसेन धाम मंदिर के पीछे बनी अवैध कॉटेज कॉलोनी और बिना परमिशन बने उसके सीसी रोड को अफसर तक नहीं उखाड़ पाए हैं। अक्टूबर में कॉलोनी सेल ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स के राजेश चौहान समेत अन्य भागीदारों को नोटिस दिए थे। कलेक्टर ने कार्रवाई का दावा किया था, लेकिन रसूखदार भूमाफियाओं के आगे उन्होंने भी घुटने टेक दिए।
- **होटल व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स-** सालाखेड़ी स्थित होटल लावण्या पैलेस और सैलाना रोड बरबड़ स्थित दो मकान और एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स मामले के भी यही हाल हैं। कॉलोनी सेल नोटिस जारी करने के अलावा कोई कदम नहीं उठा पाया। यह मामला भी कोर्ट में चल रहा है।
- **खेत में बना दी सड़क-** ईटावामाताजी रोड स्थित बीजासन माता मंदिर के सामने भी धराड़ के रसूखदार खेत में बिना परमिशन सीसी सड़क बनाकर प्लॉट बेच रहे हैं। शिकायत और जानकारी मिलने के बावजूद कॉलोनी सेल अब तक नोटिस तक नहीं भेज पाई है।

दै. भास्कर 22/3/22

## जल अभिषेक अभियान में 30 मार्च को सभी जिलों में होगी जल

# वर्षा जल बचाने और जल संरक्षण के लिए करने होंगे हर

### 10 अप्रैल से आरंभ होंगे वर्षा जल-संरक्षण और भू-जल संवर्धन के कार्य

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्व जल दिवस पर की समीक्षा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हेंडपंप के स्थान पर अब हर घर को नल से जल मिल सके, इसके लिए प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्य जारी है। सिंचाई का रकबा 43 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है, लेकिन इस सब के लिए पानी चाहिए। वर्षा जल को हम कैसे सुरक्षित कर पाए, इसके लिए हमें हर संभव उपाय करना होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान विश्व जल दिवस पर प्रदेश में पानी बचाने के लिए आगामी समय में चलाई जाने वाली गतिविधियों की निवास कार्यालय में समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान जल जीवन मिशन में बुरहानपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में 30 मार्च को हर घर में नल और हर नल में जल का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान बुरहानपुर में आयोजित जिला जल संसद में भी शामिल होंगे। जल जीवन मिशन में प्रत्येक घर में नल से जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए गांवों में भू-जल आधारित स्त्रोत सृजित किए गए हैं। इन स्त्रोतों को संवहनीय बनाने के लिए जल-संरक्षण और भू-जल रिचार्ज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जल शक्ति अभियान आरंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा के जल को संग्रहीत करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जलाभिषेक अभियान में विभिन्न जल-संरचनाओं जैसे स्टाप डेम, चैक डेम आदि के निर्माण का लक्ष्य यही था कि वर्षा जल का अधिक से अधिक-संरक्षण हो। नदियों को पुनर्जीवित करने का कार्य भी व्यापक स्तर पर आरंभ किया गया था। कोविड काल में यह गतिविधियां थम गई थी, लेकिन अब पुनः पानी बचाने के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करना है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित रखने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल-संरक्षण के लिए जल-संरचनाएं बनाने का आंदोलन आरंभ किया जाएगा। जनअभियान परिषद इन गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्थाओं और जन-सामान्य को जोड़ेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-भागीदारी से जल-संरक्षण की गतिविधियां संचालित की जाएगी। जन-सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए जल बचाने की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से जन-जागरण अभियान संचालित किया जाएगा। जल का अनावश्यक व्यय न हो, इस पर भी लोगों को शिक्षित किया जाएगा। कृषि में नहर के स्थान पर स्प्रिंकलर और ड्रिप से सिंचाई को प्रोत्साहित किया जाएगा। पानी बचाने की इन गतिविधियों के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। जल-संरक्षण के लिए जल-संरचनाओं का निर्माण कर नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वन क्षेत्रों में भी स्टाप डेम और चैक डेम बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा ऋतु आरंभ होने पर विस्तृत रूप से वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। वर्षा जल को संरक्षित करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्ष, जल अवशोषित करते हैं। वृक्षों में अवशोषित जल से ही नर्मदा जी जैसी नदियां जीवित रहती हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जल-जीवन मिशन में ग्रामों और बसाहटों को जिन जल स्रोतों से जल आपूर्ति की जाएगी, उनकी निरंतरता और संवहनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक
अभियान परिषद के महानिदेशक श्री
अपर मुख्य सचिव लोक स्वा
पर्यावरण मलय श्रीवास्तव, प्रमुख
एवं ग्रामीण विकास उमाकांत उ
अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वर्ष 2022-23 में सं
जल अभिषेक अभियान के क्रियान्
में नल और हर नल में जल के ल
किए जा रहे जलजीवन मिशन की
बताया गया कि जल अभिषेक अ
को संपूर्ण प्रदेश में जिला-स्तर प
आयोजन किया जाएगा। जल बचा
के संरक्षण के लिए जल - जन
चलाया जाएगा। इस वर्ष जल अभि
अंतर्गत पुरानी जल-संरचनाओं के
पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान चल

अभियान के अंतर्गत समाज की
विभिन्न शासकीय योजनाओं के मा
संरक्षण और भू-जल संवर्धन के

प्रसारण

प्रसारण 23/3/22

**एक ही रोड पर दो तरह के ब्लॉक लगे**

# एमपीआरडीसी के लगाए पेवर ब्लॉक फिर से लगवा रहा निगम



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में नगर निगम ने 2020 में नए पेवर ब्लॉक लगाने के काम का ठेका करीब 50 लाख रुपए में दिया। कोरोना काल के बाद अब जाकर ठेकेदार ने काम तो शुरू किया, लेकिन अलग-अलग स्थान पर नए व पुराने पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जहां पर एमपीआरडीसी ने पूर्व में पेवर ब्लॉक लगाए थे, उनको फिर से निकालकर लगाया जा रहा है, बाद में इनको नया बताने के लिए पालिश कर दी जाएगी।

शहर में जरुरत अनुसार पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य की निविदा नगर निगम ने 2020 में जारी की थी। नियम व शर्तों का पालन करते हुए इसको दातार नाम की फर्म ने लिया था। कार्य का आदेश इस फर्म को 12 जून 2020 को दिया गया। इस बीच कोरोना की लहर चलती रही तो काम रुक गया। अलकापुरी क्षेत्र में फर्म ने नए पेवर ब्लॉक लगाए। इस बीच कस्तुरबा नगर क्षेत्र में काम की शुरुआत हुई तो यहां पर तो नए पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है, लेकिन राममंदिर के सामने चेतक ब्रिज के उतार पर कब्रिस्तान के बाहर पुराने ही पेवर ब्लॉक लगा दिए जा रहे है।

हमारी फर्म द्वारा काम को ईमानदारी से किया जा रहा है। शहर में नए पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है। जहां पुराने है, निगम अधिकारियों के कहने पर उनको उखाड़कर फिर से बेहतर तरीके से लगाया जा रहा है। - **जसपाल सिंह बग्गा,** निर्माण ऐजेंसी ठेकेदार

शहर में नए पेवर ब्लॉक मांग अनुसार लग रहे है। जहां पूर्व में लगे हुए है व बेतरतीब हो गए है, उनको फिर से लगाने को कहा गया है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 22

पत्रिका 22/3/22

## अभिषेक अभियान में 30 मार्च को सभी जिलों में होगी जल संसद

# और जल संरक्षण के लिए करने होंगे हर हरसंभव प्रयास

चौहान जल जीवन मिशन में ग्रामीण अंचलों में 30 मार्च को हर नल में जल का लोकार्पण करेंगे। न बुरहानपुर में आयोजित जिला ामिल होंगे। जल जीवन मिशन में से जल प्रदाय सुनिश्चित करने के त आधारित स्त्रोत सृजित किए गए संवहनीय बनाने के लिए जल- ल रिचार्ज सुनिश्चित करने के जल शक्ति अभियान आरंभ किया

ौहान ने कहा कि वर्षा के जल को च्च प्राथमिकता है। जलाभिषेक जल-संरचनाओं जैसे स्टाप डेम, निर्माण का लक्ष्य यही था कि वर्षा अधिक-संरक्षण हो। नदियों को कार्य भी व्यापक स्तर पर आरंभ विड काल में यह गतिविधियां थम ब पुनः पानी बचाने के क्षेत्र में र्य करना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित रखने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल-संरक्षण के लिए जल-संरचनाएं बनाने का आंदोलन आरंभ किया जाएगा। जनअभियान परिषद इन गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्थाओं और जन-सामान्य को जोड़ेगी।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-भागीदारी से जल-संरक्षण की गतिविधियां संचालित की जाएगी। जन-सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए जल बचाने की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से जन-जागरण अभियान संचालित किया जाएगा। जल का अनावश्यक व्यय न हो, इस पर भी लोगों को शिक्षित किया जाएगा। कृषि में नहर के स्थान पर स्प्रिंक्लर और ड्रिप से सिंचाई को प्रोत्साहित किया जाएगा। पानी बचाने की इन गतिविधियों के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। जल-संरक्षण के लिए जल-संरचनाओं का निर्माण कर नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वन क्षेत्रों में भी स्टाप डेम और चैक डेम बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा ऋतु आरंभ होने पर विस्तृत रूप से वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। वर्षा जल को संरक्षित करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्ष, जल अवशोषित करते हैं। वृक्षों में अवशोषित जल से ही नर्मदा जी जैसी नदियां जीवित रहती हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जल-जीवन मिशन में ग्रामों और बसाहटों को जिन जल स्रोतों से जल आपूर्ति की जाएगी, उनकी निरंतरता और संवहनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के महानिदेशक श्री बी.आर. नायडू, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं पर्यावरण मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास उमाकांत उमराव, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वर्ष 2022-23 में संचालित होने वाले जल अभिषेक अभियान के क्रियान्वयन और हर घर में नल और हर नल में जल के लक्ष्य से क्रियान्वित किए जा रहे जलजीवन मिशन की जानकारी दी गई। बताया गया कि जल अभिषेक अभियान में 30 मार्च को संपूर्ण प्रदेश में जिला-स्तर पर जल संसद का आयोजन किया जाएगा। जल बचाने और वर्षा जल के संरक्षण के लिए जल - जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष जल अभिषेक अभियान के अंतर्गत पुरानी जल-संरचनाओं के पुनर्जीवन के लिए पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत समाज की सहभागिता और विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से वर्षा जल-संरक्षण और भू-जल संवर्धन के नवीन कार्य, भू-जल रिचार्ज, नदी पुनर्जीवन कार्य, वन क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य, वृक्षारोपण, निजी खेतों में जल-संग्रहण और ड्रिप एवं स्प्रिंक्लर से सिंचाई को प्रोत्साहन जैसी गतिविधियां संचालित की जाएगी।

जल अभिषेक अभियान में समुदाय की सहभागिता के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता और उन्मुखीकरण की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। वर्षा जल-संरक्षण और भू-जल संवर्धन के लिए जिन कार्यों को अभियान में क्रियान्वित किया जाना है, उन्हें 5 अप्रैल तक चिन्हित कर लिया जाएगा। इन कार्यों की तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति 9 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। जल अभिषेक अभियान में यह सभी कार्य 10 अप्रैल से आरंभ हो जाएगी। सभी कार्य वर्ष भर जारी रहेंगे।

बैठक में बताया गया कि पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान में लगभग 45 हजार पुरानी जल संग्रहण संरचनाओं को चिन्हित किया गया है। इनमें से 30 हजार में कार्य आरंभ हो गया है। सभी 45 हजार संरचनाओं से लगभग 2 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुनिश्चित होगी।

प्रसारण - 23

प्रसारण 23/3/22

## जिले में 80 हजार विद्यार्थियों को लगाई जाएगी कारबीवैक्स

# 12 से 14 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन कल से

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में 12 से 14 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का कोरोना वैक्सीनेशन 23 मार्च से शुरू होगा। वैक्सीनेशन अभियान में जिले के लगभग 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। सोमवार को संपन्न समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अभियान की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को समय सीमा में कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा।

अभियान के संदर्भ में बताया गया है कि जिले में लगभग 80 हजार स्कूली बच्चे हैं जिनको वैक्सीनेट किया जाना है। विकासखंड किए गए लक्ष्य के अनुसार जावरा में पांच हजार, पिपलौदा में दो हजार, आलोट में पांच हजार, रतलाम सिटी में सात हजार, रतलाम ग्रामीण में पांच हजार, सैलाना में ढाई हजार तथा बाजना में भी ढाई हजार बच्चों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य है। कोविशील्ड या कोवैक्सीन नहीं कारबीवैक्स लगाई जाएगी। जिले को 36 हजार कारबीवैक्स उपलब्ध करा दिए गए हैं।

### रचना हाउसिंग कालोनी के प्लाट बेचेगा निगम

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा रचना हाउसिंग कालोनी में कालोनाइजर द्वारा समय सीमा में विकास कार्य संपादित नहीं करने जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कालोनी के बंधक रखे गए प्लाट को विक्रय करके विकास कार्य नगर निगम द्वारा करवाए जाएं। बताया गया कि लगभग 8 करोड रुपये के विकास कार्य कालोनी में किए जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्य नहीं किए जाने पर कालोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

**पीएम आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम की समीक्षा**

प्रधानमंत्री आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम 28 मार्च की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम जनपद पंचायतों द्वारा बताए गए आवासों का क्रश चेक कर लें। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी यह सर्टिफिकेट देंगे कि गृह प्रवेश आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। जिले में 28 मार्च को छह हजार से ज्यादा हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे।

**शिकायत आने पर पटवारी को हटा दें**

कलेक्टर ने रतलाम सिटी एसडीएम तथा ग्रामीण एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों से जिन पटवारियों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनको हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया जाए।

**राजस्थान का चना जिले में नहीं बिकना चाहिए**

कलेक्टर ने चना उपार्जन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि पड़ोसी राजस्थान राज्य से आकर जिले में चना नहीं बिके, यह सुनिश्चित किया जाए। रोजगार दिवस आयोजन तथा उद्यम क्रांति योजना के लांचिंग कार्यक्रम तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई।

### हास्टल रहवासी छात्राओं को मिलेगी कोचिंग

जिले में हास्टल रहवासी छात्राओं को करियर के लिए कोचिंग के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी बुधवार को कालेजों, हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य की बैठक दोपहर 12 बजे होगी जिसमें उनके यहां की छात्रावास रहवासी छात्राओं की कोचिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। बताया गया कि महिला व [illegible] विकास विभाग की बेटी बचाओ [illegible]ी पढ़ाओ योजना के तहत छात्रा[illegible] को कैरियर कोचिंग दिलवाई जाएगी। संभवत: एक अप्रैल से कोचिंग कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

नईदुनिया २२/३/२२

## 12+ के 80 हजार बच्चों को कल से लगेगी वैक्सीन, अभी 36 हजार टीके पहुंचे

रतलाम | 12 से 14 साल आयु के स्कूली बच्चों को 23 मार्च से वैक्सीन लगाई जाएगी। इसमें जिले के करीब 80 हजार बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। अभी जिले में 36 हजार टीके पहुंच गए हैं।

जावरा में 5 हजार, पिपलौदा में 2 हजार, आलोट में 5 हजार, रतलाम सिटी में 7 हजार, रतलाम ग्रामीण में 5 हजार, सैलाना में 2.5 हजार और बाजना में 2.5 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा। इस अभियान में बच्चों को कारबीवैक्स का टीका लगाया जाएगा। सोमवार को टीएल मीटिंग में कलेक्टर ने टीकाकरण की तैयारी की समीक्षा की। भास्कर २२

सीएसपी व एसडीएम ने किया निरीक्षण, रेलवे लगाएगा आरपीएसएफ का बल

# शिवमहापुराण की कथा के लिए प्रशासकीय तैयारियां तेज

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहर के करीब कनेरी में आगामी 23 से 29 अप्रेल तक होने वाली शिवमहापुराण कथा के लिए आयोजक के साथ - साथ प्रशासकीय तैयारियां भी तेज हो गई हैं। सीएसपी व एसडीएम ने कथा स्थल का निरीक्षण किया है। रेलवे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ से निपटने आरपीएसएफ का बल लगाएगा। इन सब के बीच नगर निगम पानी के टेंकर सहित अन्य सुविधाएं जुटाएगा।

बता दे कि सीहोर से पंडित प्रदीप मिश्रा आगामी 23 से 29 अप्रेल तक कनेरी में शिवमहापुराण की कथा पढ़ेंगे। इसके लिए आयोजक रविंद्र पाटीदार ने अपने सहयोगियों के साथ अब तक तीन बार बैठक कर ली है। पूर्व में तय किया गया था की एक लाख वर्गमीटर का पांडाल बनाया जाएगा. लेकिन अब तक हुए आयोजन व कथा में उमड़े भक्तों की भीड़ को देखते हुए पांडाल को एक लाख से बढ़ाकर दो लाख वर्गमीटर का करने का निर्णय लिया गया है।



## यह भी कर रहे तैयारी

कथा स्थल पर सीएसपी हेमंत चौहान, एसडीएम राजेश शुक्ला ने निरीक्षण कर लिया है। रंगपंचमी के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी भी स्थल निरीक्षण करने जाएंगे, उसी अनुसार कथा आयोजन के दौरान का यातायात का प्लान बनाया जाएगा। नगर निगम आयोजन स्थल पर स्वच्छता के लिए 100 कर्मचारियों को लगाएगी। इसके अलावा 15 कचरा संग्रहण वाहन भी लगाने की तैयारी की जा रही है। इनके अलावा रेलवे ट्रेन मार्ग से आने वाले भक्तों के लिए आरपीएसएफ का बल लगाएगा। यह बल बाहर से आने वाले भक्तों को कथा मार्ग के बारे में तो बताएगा ही इसके साथ - साथ स्टेशन से लेकर ट्रेन में उनको पूरी तरह से सुरक्षा भी मुहैया कराएगा।

पत्रिका 22

पत्रिका 22/3/22

दो साल बाद उत्साह भी दोगुना • बाजार में रात से ही होने लगी तैयारी, डालूमोदी बाजार में मनेगी भगवा रंग से होली, फोर-व्हीलर लेकर ना निकलें

आज उत्साह के रंग में रंगेगा रतलाम

# गेर के रूट पर वाहन नहीं ले जा सकेंगे, दो बत्ती-डालूमोदी बाजार चौराहे पर फव्वारों से मस्ती, बाजार क्षेत्र में शाम को जल आपूर्ति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आज हमारा शहर उत्साह के रंग में रंगेगा। उत्साह भी ऐसा..जो धीरे-धीरे दिन चढ़ने के साथ बढ़ता ही जाएगा। जीहां, आज रंगपंचमी है। शहर में रंगारंग गेर निकाली जाएगी... दोबत्ती, डालूमोदी बाजार चौराहों पर फव्वारों के नीचे डीजे पर युवाओं की मस्ती रहेगी। इधर, पुलिस ने भी तैयारी की है। गेर रूट पर आप वाहन नहीं ले जा सकेंगे। वहीं, बाजार क्षेत्र में शाम को जलप्रदाय किया जाएगा।

मस्ती का यह मौका दो साल बाद मिल रहा है, ऐसे में इस बार उत्साह भी दोगुना है। तैयारी रात से ही शुरू हो गई। बाजार क्षेत्र में लोगों ने घरों पर बरसाती लगाना शुरू कर दी। वहीं, चौराहों पर फव्वारे तैयार होने लगे। रतलाम जागृति मंच द्वारा निकलने वाली गेर सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगी। इस साल डालूमोदी चौराहे पर भगवा रंग से होली होगी। इधर, चांदनीचौक, घासबाजार, माणकचौक, चौमुखीपुल, स्टेशन रोड, लक्कड़पीठा सहित अन्य बाजार क्षेत्र में गेर के बाद शाम 4 से 6 के बीच अलग-अलग समय पर 15 से 20 मिनट तक जलप्रदाय भी होगा।

## रंग से बचने की तैयारी... लोगों ने घरों पर लगाई बरसाती



गेर में फाइटर से उड़ने वाले रंग से बचाव की तैयारी बाजार क्षेत्र में सोमवार शाम से ही शुरू हो गई। लोगों ने घरों पर बरसाती डाली, ताकि घरों का पेंट खराब ना हो और घर के अंदर कलर ना घुसे। फोटो - चिंटू मेहता

## यह रहेगा गेर का रूट




• रानी जी का मंदिर • धानमंडी • गणेश देवरी • न्यू क्लॉथ मार्केट • महालक्ष्मीजी मंदिर • घास बाजार चौराहा • चौमुखी पुल • चांदनीचौक • बजाजखाना • हरदेवलाला पिपली • आबकारी चौराहा • ब्राह्मणों का वास • रानीजी का मंदिर • धानमंडी • नाहरपुरा चौराहा • पूर्णेश्वर महादेव मंदिर • श्रीमाली वास • महलवाड़ा • डालूमोदी बाजार।

## यहां जब गेर का जुलूस पहुंचेगा, तब चारपहिया और दोपहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे

- रानी जी के मंदिर पर जुलूस में शामिल होने वाली भीड़ को देखते हुए नाहरपुरा चौराहा, शहीद चौक, हरदेवलाला की पीपली से रानी जी के मंदिर तरफ।
- गैर जुलूस गणेश देवरी पंहुचने के दौरान बजाज खाना, तोपखाना, चौमुखी पुल से गणेश देवरी की तरफ।
- गणेश देवरी से न्यू क्लॉथ मार्केट पहुँचने के दौरान डालूमोदी बाजार से गणेश देवरी की तरफ आने वाले मार्ग पर।
- घास बाजार चौराहा में जुलूस प्रवेश के दौरान घास बाजार चौराहा से।
- घास बाजार चौराहा जुलूस पहुंचने के दौरान कलाईगर मार्ग की तरफ से, डालूमोदी बाजार से गेलडा स्वीट्स एवं खैरादीवास वाले मार्ग पर।
- चौमुखीपुल जुलूस प्रवेश के दौरान कसारा बाजार से चौमुखीपुल की तरफ आने वाले मार्ग व गणेश देवरी से चौमुखी पुल की तरफ।
- चौमुखीपुल से चांदनीचौक बजाज खाना की तरफ जुलूस प्रवेश के दौरान त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक और बाजना बस स्टैंड से चांदनीचौक की तरफ आने वाले मार्ग व गोशाला रोड से तोपखाना की तरफ व गणेश देवरी से तोपखाना की तरफ।
- बजाजखाना से हरदेवलाला की पीपली की तरफ जुलूस प्रवेश के दौरान नीमचौक से बजाजखाना और आबकारी चौराहे से हरदेवलाला पीपली की तरफ व मोमीनपुरा से हरदेवलाला पीपली की तरफ।
- आबकारी चौराहे पर जुलूस पहुंचने पर हाट रोड से आबकारी चौराहे, ब्राह्मण वास से मुख्य मार्ग शहीद चौक की ओर जुलूस प्रवेश के दौरान आबकारी चौराहा से शहीद चौक, सैलाना बस स्टैंड से शहर सराय व लोकेंद्र टॉकीज से शहर सराय की तरफ व नाहरपुरा तिराहा से अंडा गली व धानमंडी की तरफ।
- रानी जी मंदिर जुलूस पहुंचने पर शहीद चौक, हरदेवलाला पीपली, गणेश देवरी, नाहरपुरा से रानी जी मंदिर आने वाले वाहन।
- रानीजी के मंदिर से नाहरपुरा जुलूस प्रवेश के दौरान गणेश देवरी, हरदेवलाला पीपली से धानमंडी की तरफ, डालूमोदी बाजार से नाहरपुरा की तरफ।
- महलवाड़ा की तरफ जुलूस प्रवेश के दौरान आरोग्य हनुमान मंदिर, पूर्णेश्वर महादेव मंदिर, पैलेस रोड से पूर्णेश्वर महादेव मंदिर पर।
- डालूमोदी बाजार की तरफ जुलूस प्रवेश के दौरान, सूरजपौर चौकी से पैलेस घंटाघर तिराहे, चिंतामण गणेश मंदिर और पूर्णेश्वर महादेव मंदिर, निगम चौराहे से महलवाड़ा की तरफ वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

भास्कर २२

दै. भास्कर २२/३/२२

# निगम को 3 करोड़ 36 लाख से अधिक का कंपाउंडिंग शुल्क मिला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. भवन अनुज्ञा से अतिरिक्त निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के बगैर निर्माण के कम्पाउंडिंग के लिए सीमा 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत की गई है। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में 28 फरवरी 2022 तक कम्पाउंडिंग (प्रशमन) प्रकरणों में शुल्क पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट का प्रावधान किया गया था। इसकी अवधि बढ़ाकर अब 30 जून 2022 कर दी गई है।

अनुज्ञा के बिना भवन निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के विरुद्ध अधिक निर्माण के प्रशमन के लिए संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास के माध्यम से भवन अनुज्ञा के लिए संचालित ऑनलाइन सिस्टम एबीपीएएस (ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम) में प्रकरणों के ऑनलाइन प्रशमन एवं ऑनलाइन शुल्क प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। नगरीय निकायों को प्रशमन के प्रकरणों का निराकरण ऑनलाइन एबीपीएएस के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए हैं। रतलाम को 3 करोड़ 36 लाख 41 हजार 593 रुपए की राशि कंपाउंडिंग शुल्क के रूप में प्राप्त हुई है। अन्य नगरीय निकायों को कुल 5 करोड़ 72 लाख 58 हजार 520 रुपए का कंपाउंडिंग शुल्क प्राप्त हुआ है। पत्रिका।२२

पत्रिका २२/३/२२

# कोरोना वैक्सीनेशन : 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में आगामी 23 मार्च से 12 से 14 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। कोरोना वायरस के विरुद्ध किए जाने वाले वैक्सीनेशन अभियान में जिले के लगभग 80 हजार बच्चों को वैक्सीनेट किया

## ▶ कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की बैठक में समीक्षा की

जाएगा। सोमवार को संपन्न समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अभियान की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समय सीमा में कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा। अभियान के संदर्भ में बताया गया है कि जिले में लगभग 80 हजार स्कूली बच्चे हैं जिनको वैक्सीनेट किया जाना है। विकासखंड किए गए लक्ष्य के अनुसार जावरा में 5 हजार, पिपलोदा में 2 हजार, आलोट में 5 हजार, रतलाम सिटी में 7 हजार, रतलाम ग्रामीण में 5 हजार, सैलाना में ढाई हजार तथा बाजना में भी ढाई हजार बच्चों को वैक्सीनेट किए जाने का लक्ष्य है। इस अभियान में बच्चों को कोवीशील्ड या कोवैक्सीन नहीं लगाए जाएगा बल्कि कारबीवैक्स लगाया जाएगा। अभी रतलाम जिले को 36 हजार कारबीवैक्स उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम 28 मार्च की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में की निर्देशित किया कि सभी एसडीएम जनपद पंचायतों द्वारा बताए गए आवासों का क्रश चेक कर लें। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी यह सर्टिफिकेट देंगे कि गृह प्रवेश आवास पूर्ण किए जा चुके हैं वे अधूरे नहीं हैं।



जिले में 28 मार्च को 6 हजार से ज्यादा हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम समारोहपूर्वक होंगे जिनमें मुख्य अतिथि भी रहेंगे। कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ हो चुके चना उपार्जन कार्य की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पड़ोसी राजस्थान राज्य से आकर जिले में चना नहीं बिके, यह सुनिश्चित किया जाए। आगामी रोजगार दिवस आयोजन तथा उद्यम क्रांति योजना की लॉन्चिंग कार्यक्रम तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इस संबंध में जीएमआईसी द्वारा तैयारियों की जानकारी कलेक्टर को दी गई।

## स्कूलों के प्राचार्य की बैठक होगी

जिले में हॉस्टल रहवासी छात्राओं को केरियर के लिए कोचिंग दिलवाई जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी बुधवार को कालेजों, हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य की एक बैठक दोपहर 12:00 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें उनके यहां की छात्रावास रहवासी छात्राओं की कोचिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को कैरियर कोचिंग दिलवाई जाएगी। संभवत: 1 अप्रैल से कोचिंग कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि इस सप्ताह आलोट में 518, बाजना में 305, सैलाना में 731, जावरा में 312 तथा रतलाम में 274 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

## हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर ने बैठक में जिले की गौशालाओं को भूसा दिलवाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम ने अच्छा कार्य किया है। पिपलोदा तहसीलदार द्वारा भी अच्छा कार्य किया गया है। आलोट एसडीएम ने भी अच्छा काम किया है। डूडा पांचवे स्थान पर आया है। कृषि विभाग तथा वित्त विभाग में कार्य अच्छा नहीं किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में अच्छी रैंकिंग के लिए 1 तारीख के बजाय अभी से ही कार्य शुरू कर दें। कलेक्टर ने रतलाम सिटी एसडीएम तथा ग्रामीण एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों से जिन पटवारियों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनको हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया जाए।

### रचना हाउसिंग कॉलोनी विकास के लिए प्लांट विक्रय नगर निगम करेगा

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा समय सीमा में विकास कार्य संपादित नहीं किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम एक्ट के अनुसार कॉलोनी के बंधक रखे गए प्लाट को विक्रय करके कॉलोनी में विकास कार्य नगर निगम द्वारा करवाए जाएं। बताया गया कि लगभग 8 करोड रुपए के विकास कार्य कॉलोनी में किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्य नहीं किए जाने पर कालोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

नवभारत 22/3/22

## शहर में ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण किया गया

रतलाम। शहर में अब तक ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण किया जा चुका है। रतलाम नगर निगम द्वारा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बंध्याकरण केंद्र बनाया गया है, जहां पर पशु चिकित्सा विभाग की मॉनिटरिंग में जीव संतुलन एनजीओ के सहयोग से श्वान बंध्याकरण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रत्येक सप्ताह समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में श्वान बंध्याकरण कार्य की समीक्षा की जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. आर.के. शर्मा ने बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए केंद्र पर अब तक 2019 नर तथा 654 मादा श्वान का बंध्याकरण किया जा चुका है। औसतन प्रति सप्ताह 507 बंध्याकरणकिया जा रहा है।

प्रसारण 22

प्रसारण 22/3/22

महिलाएं उपस्थित थी।

## शहर में ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण किया गया

नवभारत 22

रतलाम। शहर में अब तक ढाई हजार से ज्यादा श्वानों का बंध्याकरण किया जा चुका है। रतलाम नगर निगम द्वारा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बंध्याकरण केंद्र बनाया गया है जहां पर पशु चिकित्सा विभाग की मानिटरिंग में जीव संतुलन एनजीओ के सहयोग से श्वान बंध्याकरण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा प्रत्येक सप्ताह समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में श्वान बंध्याकरण कार्य की समीक्षा की जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉक्टर आर.के. शर्मा ने बताया कि जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए केंद्र पर अब तक 2019 नर तथा 654 मादा श्वान का बंध्याकरण किया जा चुका है। औसतन प्रति सप्ताह 507 बंध्याकरणकिया जा रहा है।

नवभारत 22/3/22